राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने श्री ब्रज आदर्श कन्या विद्यालय के नवनिर्मित विशाल नृत्यशाला का लोकार्पण किया

बेटी के पढाने से दो परिवार शिक्षित होते हैं

–राज्यपाल

जयपुर, 27 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा की बेटियों को आगे बढाना जरूरी है। बेटियों को शिक्षा दिलाना आवश्यक है। बेटी के पढाने से दो परिवार शिक्षित होते हैं। गांवों में बेटियों की प्रतिभा अनेक बार छिपी रह जाती है। अब बेटियों को अपनी प्रतिभा निखारने के स्वर्णिम अवसर उपलब्ध हो जायेंगे। नृत्य शाला के आरम्भ होने से बेटियां गीत, संगीत, नृत्य जैसे क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को उजागर कर सकेंगी। इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं है। सांस्कृतिक क्षेत्र का विकास बहुत जरूरी है। हमारी समृद्व सांस्कृतिक परम्पराओं को आगे बढाने में नृत्यशाला महत्वपूर्ण मंच बन सकेगी, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बधुवार को मथुरा के मांठ स्थित श्री ब्रज आदर्श कन्या विद्यालय, में नवनिर्मित विशाल नृत्यशाला के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। श्री ब्रज आदर्श कन्या विद्यालय में विशाल नृत्यशाला का राज्यपाल श्री मिश्र व सांसद श्रीमती हेमा मालिनी ने लाकार्पण किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा की गांव के विद्यालय में सांस्कृतिक क्षेत्र को बढावा देने का यह अभूतपूर्व प्रयास है। यहां हम हमारी बेटियों में छिपी गीत – संगीत की प्रतिभा को उजागर कर सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में अक्सर बेटियों की प्रतिभा दबी रह जाती है। उन्हें बाहर नही भेजे जाने से वे अपनी प्रतिभा को विकसित नही कर पाती है। अब स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट स्तर की सुविधा मिलने से हमारी बेटियां आगे बढ सकेंगी।

राज्यपाल श्री मिश्र कहा कि शिक्षा मानव के लिए बहुत ही आवश्यक है। शिक्षा से व्यक्ति का सर्वागीण विकास होता है। शिक्षा रूपी उजाले से व्यक्ति में ज्ञान आता है। महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज का पढा लिखा व्यक्ति लिंग के आधार पर भेदभाव को रोकने में मदद करता है। पिछले समय में बालिका शिक्षा को कभी आवश्यक नही माना गया था। लेकिन समय के साथ लोगों ने बालिका के लिए शिक्षा के महत्व को महसूस किया। आज बालिकाएं शिक्षित होकर समाज में बदलाव ला रही हैं। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा की एक देश को पूर्ण तरीके से विकास करने के लिए उसका सही तरीके से लिंग अनुपात बरकरार रखना बेहद जरूरी होता है। इसी के चलते माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्ष 2015 में ''बेटी बचाओं बेटी पढाओं'' स्कीम की शुरूआत की।

श्री मिश्र ने कहा कि एक वाक्य में कहें तो बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना का सबसे बडा उद्देश्य लोगों की मानसिकता में बदलाव लाना व महिला सुरक्षा एवं नारी सशक्तिकरण का प्रयास है। इस योजना का सबसे सीधा प्रभाव कन्या भ्रूण हत्या व शिशु हत्या रोकथाम पर हो रहा है। बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना से लिंग – अनुपात कम करने में काफी असर होगा। इससे कन्या भ्रूण हत्या एवं बेटे – बेटी के बीच बढते हुए भेदभाव में कमी आयेगी। बाल विवाह में कमी व बालिका शिक्षा में बढोतरी होगी। समारोह में मथुरा की सांसद श्रीमती हेमामालिनी सहित अनेक गणमान्य नागरिकगण मौजूद थे।

राज्यपाल ने देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की

राज्यपाल ने बांके बिहारी के दर्शन किये

जयपुर, 27 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बधुवार को प्रातः मथुरा में बांके बिहारी मंदिर के दर्शन किये। श्री मिश्र ने वहां पूजा – अर्चना कर राजस्थान प्रदेश और देश की खुशहाली व समृद्वि की कामना की। राज्यपाल श्री मिश्र आज प्रातः जयपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा मथुरा पहुंचे। मथुरा में राज्यपाल श्री मिश्र का गणमान्य नागरिकगणों ने भाव भीना स्वागत किया।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल